NIOS/Acad/2020/242/01/H

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
माध्यमिक पाठ्यक्रम : हिंदुस्तानी संगीत
पाठ 1 : हिंदुस्तानी संगीत का परिचय
कार्यपत्रक-1

1. 'नाद' शब्द दो अक्षरों के मेल से बना है। इन अक्षरों का महत्व अपने शब्दों में लिखिए ।
2. सप्तक की बाईस श्रुतियों पर सात शुद्ध स्वरों की स्थापना दीजिये ।
3. विकृत स्वर श्रुतियों के विस्थापन से उत्पन्न होते हैं। कोमल और तीव्र विकृत स्वरों की उत्पत्ति में अंतर स्पष्ट कीजिये ।
4. सा, रे, ग, म स्वरों का प्रयोग करते हुए विभिन्न प्रकार के वर्णों में प्रत्येक प्रकार के दो वर्णों की रचना कीजिये ।
5. 'संगीत के अभ्यास के लिये अलंकार उपयोगी हैं'।इस वाक्य का औचित्य सिद्ध कीजिये ।किसी एक अलंकार का उदाहरण दीजिये ।
6. लौकिक स्वरों की उत्पत्ति वेदिक स्वरों के द्वारा जिस प्रकार हुई उस प्रक्रिया का विशलेषण कीजिये ।
7. 'संगीत'शब्द में गायन, वादन तथा नृत्य सम्मिलित हैं'। व्याख्या कीजिये ।
8. भारत में संगीत की दो पद्धतियां प्रचलित हैं। इनके मध्य समानतायें लिखिए ।
9. नाद का सूक्ष्मतम रूप श्रुति है। राग की उत्पत्ति में वह किस प्रकार सहायक है, विश्लेषण कीजिये ।
10. भातखंडे स्वरलिपि पद्धति के अनुसार एक ही स्वर को भिन्न सप्तकों में किस प्रकार दर्शाया जा सकता है इसका एक उदाहरण दीजिये ।